# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629

## चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ-2026 का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में दिनांक 25 एवं 26 अगस्त 2026 को नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए दो दिवसीय 'दीक्षारंभ-2026' ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति, परिसर एवं पाठ्यक्रम से परिचित करवाना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने अपने संबोधन में महाविद्यालय के विकास एवं उन्नति में चौधरी ईश्वर सिंह जी के अतुलनीय प्रयासों एवं योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह जी के कुशल नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की रूपांतरित वेबसाइट के विभिन्न अनुभागों की विस्तृत जानकारी सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को प्रदान की। उन्होंने बताया कि छात्राएँ किस प्रकार शैक्षणिक सामग्री, महाविद्यालय की गतिविधियों, पुस्तकालय, परीक्षा परिणाम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित लिंक तथा अन्य आवश्यक सूचनाएँ वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. निधि एवं डॉ. प्रेमलता द्वारा किया गया जबकि आयोजन सचिव के रूप में डॉ. वंदना एवं डॉ. सोनिया दहिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अमिता राणा ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समय प्रबंधन सफलता की पहली सीढ़ी है। हमें व्यर्थ की गतिविधियों से समय बचाकर अपने लक्ष्य और व्यक्तित्व निर्माण में लगाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण के प्रति सजग रहने को कहा । वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. विनय खुरानिया ने अपने संबोधन में महाविद्यालय में नवागंतुक छात्राओं को कॉलेज जीवन में विषयों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित करने तथा नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति एवं प्रवेश प्रक्रिया की नोडल अधिकारी डॉ. निधि ने छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों एवं विषय चयन के विकल्पों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ. प्रेम लता ने छात्राओं को महाविद्यालय की खेल गतिविधियों एवं महाविद्यालय की आचार-संहिता के बारे में जानकारी दी।

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण श्रीमति सुशीला, डॉ विनेश वालिया व मिस मोनिका ने भी छात्राओं को नये सत्र की औपचारिकताओं से अवगत कराया।महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की लगभग 200 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya


Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
‘A’ Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629





## चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ-2026 का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पूंडरी , (अशवनी खुराना ) :** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में 25 एवं 26 अगस्त 2026 को नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए दो दिवसीय 'दीक्षारंभ-2026' ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति, परिसर एवं पाठ्यक्रम से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने अपने संबोधन में महाविद्यालय के विकास एवं उन्नति में चौधरी ईश्वर सिंह के अतुलनीय प्रयासों एवं योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह के कुशल नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की रूपांतरित वेबसाइट के विभिन्न अनुभागों की विस्तृत जानकारी सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को प्रदान की। उन्होंने बताया कि छात्राएँ किस प्रकार शैक्षणिक सामग्री, महाविद्यालय की गतिविधियों, पुस्तकालय, परीक्षा परिणाम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित लिंक तथा अन्य आवश्यक सूचनाएँ वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. निधि एवं डॉ. प्रेमलता द्वारा किया गया जबकि आयोजन सचिव के रूप में डॉ. वंदना एवं डॉ. सोनिया दहिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अमिता राणा ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समय प्रबंधन सफलता की पहली सीढ़ी है। हमें व्यर्थ की गतिविधियों से समय बचाकर अपने लक्ष्य और व्यक्तित्व निर्माण में लगाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण के प्रति सजग रहने को कहा। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. विनय खुरानिया ने अपने संबोधन में महाविद्यालय में नवागंतुक छात्राओं को कॉलेज जीवन में विषयों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित करने तथा नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


---


पंजाब केसरी

THU,27 AUGUST 2026

EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 4


## दीक्षारंभ में छात्राओं को नई शिक्षा नीति व कॉलेज गतिविधियों की दी जानकारी

पूंडरी, 26 अगस्त (अतुल): चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में 25 एवं 26 अगस्त को नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए 2 दिवसीय दीक्षारंभ-2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति-2020, विषय चयन, पाठ्यक्रम, खेल गतिविधियों, परीक्षा व्यवस्था तथा विभिन्न आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष की करीब 200 छात्राओं ने भाग लिया।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं और गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में चौ. ईश्वर सिंह के योगदान को स्मरण किया तथा वर्तमान अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्या ने छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को महाविद्यालय की रूपांतरित वैबसाइट के विभिन्न अनुभागों की जानकारी भी दी।

उन्होंने बताया कि छात्राएं वैबसाइट के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री, महाविद्यालय की गतिविधियों, पुस्तकालय, परीक्षा परिणाम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित लिंक तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर सकती हैं।

वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अमिता राणा ने छात्राओं को समय प्रबंधन का महत्व समझाते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का सदुपयोग सफलता के लिए बेहद जरूरी है।

उन्होंने छात्राओं को अनावश्यक गतिविधियों से बचते हुए अपने लक्ष्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. निधि एवं डॉ. प्रेमलता ने किया, जबकि आयोजन सचिव के रूप में डॉ. वंदना एवं डॉ. सोनिया दहिया ने जिम्मेदारी निभाई।



कार्यक्रम में संबोधित करती प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला। (अतुल)

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


---


दैनिक भास्कर कैथल भास्कर 27-08-2026


**न्यूज़ ब्रीफ**

## पूंडरी में 200 छात्राओं को नई शिक्षा नीति और कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी दी



पूंडरी | चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय दीक्षारंभ-2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 200 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, विषय चयन, पाठ्यक्रम, परीक्षा व्यवस्था, खेल गतिविधियों और विभिन्न आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं से अवगत कराया। उन्होंने कॉलेज की नई वेबसाइट के विभिन्न अनुभागों की जानकारी दी। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अमिता राणा ने समय प्रबंधन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। डॉ. प्रेमलता ने खेल गतिविधियों और आचार-संहिता की जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. निधि और डॉ. प्रेमलता ने किया। आयोजन सचिव की जिम्मेदारी डॉ. वंदना और डॉ. सोनिया दहिया ने निभाई।

पानीपत, वीरवार
27 अगस्त, 2026
हरियाणा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 12+4=16

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अमेरिका ने दुनियाभर में रोके सभी वीजा अप्वाइंटमेंट 12

भारत तेजी से बढ़ती आर्थिकी, निवेश के पर्याप्त अवसर 9




## कन्या महाविद्यालय में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। ● जागरण

**संस, जागरण ● पूंडरी** : चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए दो दिवसीय दीक्षारंभ–2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाएं, नई शिक्षा नीति, परिसर एवं पाठ्यक्रम से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या डा. शकुंतला सिंगला ने अपने संबोधन में महाविद्यालय के विकास एवं उन्नति में पूर्व विधानसभा स्पीकर चौधरी ईश्वर सिंह के अतुलनीय प्रयासों एवं योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष तेजवीर सिंह के कुशल नेतृत्व की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की रूपांतरित वेबसाइट के विभिन्न अनुभागों की विस्तृत जानकारी सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं के साथ सांझा की।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com   E-mail: ciskmv1@gmail.com   Office: 83075-38629


---

# छात्राओं के लिए दो दिवसीय 'दीक्षारंभ-2026' ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित




**जगमार्ग न्यूज**

**पूंडरी।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में 25 एवं 26 अगस्त 2026 को नवप्रवेशित प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए दो दिवसीय 'दीक्षारंभ-2026' ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति, परिसर एवं पाठ्यक्रम से परिचित करवाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने महाविद्यालय के सिंह के अतुलनीय प्रयासों एवं योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह के कुशल नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की रूपांतरित वेबसाइट के विभिन्न अनुभागों की विस्तृत जानकारी सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को प्रदान की। उन्होंने बताया कि छात्राएं किस प्रकार शैक्षणिक सामग्री, महाविद्यालय की गतिविधियों, पुस्तकालय, परीक्षा परिणाम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित लिंक तथा अन्य आवश्यक सूचनाएँ वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629













# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629

